१५

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

आदेश

संoसंo–2/टीo–03/2026– /स्वाo, पटना, दिनांक / /2026

डाo अंशु माली, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, गोपालगंज द्वारा आवेदन समर्पित कर अवगत कराया गया है कि पारिवारिक समस्या एव उनके बाबूजी की प्राणघातक बीमारी के कारण दिनांक–26.09.2020 से लगातार अपने कर्त्तव्य से अनुपस्थित रहे है। डाo अंशु माली के द्वारा स्वास्थ्य स्थिति सामान्य होने के उपरान्त पुनः पदस्थापित स्थान पर योगदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

2. डाo अंशु माली द्वारा योगदान करने हेतु किये गये अनुरोध के समीक्षोपरान्त डाo अशु माली का आवेदन स्वीकार करते हुए पूर्व पदस्थापित स्थान पर योगदान कराने का निर्णय लिया गया है।

3. असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गोपालगंज को निदेशित किया जाता है कि इस आदेश के आलोक में डाo अंशु माली का योगदान स्वीकार करते हुए उन्हें पूर्व पदस्थापित स्थान यथा सदर अस्पताल, गोपालगंज का प्रभार ग्रहण कराया जाय। डाo अंशु माली का योगदान करने की सूचना अविलम्ब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

4. डाo अंशु माली, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, गोपालगज के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति के आरोप में विभागीय सकल्प सख्या–437(9), दिनाक–19.07.2021 द्वारा संचालित विभागीय कार्यवाही के आधार पर आलोच्य अवधि के लिए निर्णय अलग से लिया जाएगा।

5. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

हo/–
(विनोद कुमार पाठक)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–2/टीo–03/2026– 732(2) /स्वाo, पटना, दिनांक 10/4 /2026

प्रतिलिपिः–महालेखाकार (लेo एवं हo), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वैoदाoनिoकोo) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, सारण प्रमंडल, छपरा/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव /सभी विशेष सचिव/सभी अपर सचिव/सभी उप सचिव/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी अवर सचिव/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–अधीक्षक, सदर अस्पताल, गोपालगंज/डाo अंशु माली, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–श्री अमित कुमार, डाटा एनालिस्ट/आईoटीo मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Vinod K 8/4/26
सरकार के उप सचिव।

Des 2>Dhan>Draft>adesh26 Vikash